आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 19.02.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- **राज्य विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन आज प्रश्नकाल के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक–झोंक हुई।**
- **राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश में सख्त भू–कानून को मंजूरी दी, मुख्यमंत्री पुश्कर सिंह धामी ने कहा– यह कानून, प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।**
- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।**
- **चौबटिया में बनेगा शीतोष्ण फलों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, राज्य सरकार के प्रस्ताव को मिली केंद्र की मंजूरी।**

**बजट सत्र 1**

राज्य विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन आज प्रश्नकाल के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक–झोंक हुई। इस दौरान सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर मातृशक्ति का अपमान करने का आरोप लगाया। चकराता से कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नियम 310 के तहत कार्यस्थगन की सूचना दी, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने नियम 58 के तहत सुनने का आश्वासन दिया। इसके बाद भाजपा विधायक आशा नौटियाल ने द्वाराहाट के कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट पर राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान मातृशक्ति का अपमान और गलत भाषा के प्रयोग का आरोप लगाया। इस पर सत्तापक्ष और कांग्रेस के विधायक आमने–सामने आए और एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाए। सदन में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बीच भी नोक–झोंक हुई, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने हस्तक्षेप करते हुए शांत कराया। विधायक महेश जीना के प्रश्न पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि बालिकाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए लोहाघाट, चम्पावत में गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना प्रस्तावित है।

विधायक सुरेश गढ़िया के प्रश्न पर विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि वर्तमान में विभाग के अन्तर्गत बीपीएल योजना लागू नहीं है। प्रदेश में जो परिवार अपने मूल परिवार से अलग हो रहे हैं, कमजोर आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत उन परिवारों के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत अन्त्योदय अन्न योजना और प्राथमिक परिवार योजना के राशनकार्डो के वितरण के लिए केंद्र सरकार के निर्धारित लक्ष्य व मानक के सापेक्ष रिक्त लक्ष्य के अन्तर्गत जिला स्तर पर नियमानुसार अन्त्योदय व प्राथमिक परिवार के राशनकार्ड जारी किये जाते हैं।

कांग्रेस विधायक हरीश धामी ने अपने विधानसभा क्षेत्र में आपदा राहत कार्यों में लापरवाही का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार धनराशि दे रही है, लेकिन अधिकारी कार्यों में लापरवाही कर रहे हैं। कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि खटीमा विधानसभा में प्राकृतिक आपदाओं से भारी नुकसान हुआ है। फसलों को भी भारी नुकसान हुआ, लेकिन किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा नियमों के अनुरूप आर्थिक मदद दी जाती है। उन्होंने कहा कि फसलों के नुकसान पर मानकों के अनुरूप मुआवजा दिया गया। उन्होंने कहा कि मानकों के अनुरूप सभी जिलों में धनराशि बांटी गई है।

**भू–कानून**

देहरादून में आज हुई कैबिनेट की बैठक में सख्त भू–कानून को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा। साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**विधानसभा दौरा**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, मेहरावना– चकराता के 20 विद्यार्थियों ने आज विधानसभा देहरादून का भ्रमण किया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने दर्शकदीर्घा से विधानसभा सत्र की कार्यवाही को देखा और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें प्रेरित किया। जौनसार की पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे छात्र–छात्राएं मुख्यमंत्री से मिलकर उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर जनजाति कल्याण विभाग के राज्य समन्वयक राजीव सोलंकी ने बताया कि विभाग छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में पहली बार एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही देखने का अवसर मिला, जिससे उन्हें एक नया अनुभव प्राप्त हुआ।

**योग दिवस**

ऋषिकेश में आगामी एक मार्च से सात मार्च तक योग दिवस आयोजित किया जाएगा। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि इसमें योग की विभिन्न विधाओं के शिक्षकों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा आम लोगों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि वे भी योग के प्रति जागरूक रहें।

**सीडीएस**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज विधानसभा देहरादून में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और सीडीएस ने सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों और सेना द्वारा राज्य में आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सैन्यभूमि है। राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रक्षा क्षेत्र में अधिक अवसर देने और राज्य की सुरक्षा और विकास को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**मंजूरी**

केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अल्मोड़ा जिले में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय उद्यान, चौबटिया को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर टैम्परेट फ्रूट की स्थापना के लिए 671 दशमलव 6–2 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। यह परियोजना मुख्य रूप से सेब, आड़ू, नाशपाती, प्लम और अखरोट जैसी शीतोष्ण फसलों के उन्नत उत्पादन पर केंद्रित होगी। परियोजना की मंजूरी पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि यह परियोजना इंडो–डच वर्किंग ग्रुप के सहयोग से संचालित होगी। इसमें नवीन कृषि तकनीकों को अपनाते हुए आधारभूत संरचना, ट्रेनिंग हॉस्टल, सिंचाई प्रणाली, पॉलीहाउस, सॉर्टिंग–ग्रेडिंग यूनिट, प्रदर्शन प्रखंड और कोल्ड रूम की स्थापना की जाएगी। कृषि मंत्री ने कहा कि यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उत्तराखंड में शीतोष्ण फलों की उन्नत खेती, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देगा। इससे किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी मिलेगी, जिससे उत्पादन और आय में वृद्धि होगी।

## बोर्ड परीक्षा टिहरी/चम्पावत

आगामी 21 फरवरी से शुरू हो रही उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन व शांतिपूर्वक संपन्न कराने की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज नई टिहरी में शिक्षा विभाग की बैठक ली। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों में बिजली, पानी और शौचालय सहित सभी बुनियादी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी एस. पी सेमवाल ने बताया कि जिले में 135 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें हाई स्कूल में 7 हजार 864 और इंटरमीडिएट में 8 हजार 17 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उधर, चम्पावत जिले में भी बोर्ड परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि 42 परीक्षा केंद्रों में 5 हजार 792 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## आरबीआई मोबाइल एप

भारतीय रिजर्व बैंक ने 'आर.बी.आई.डेटा' नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है, जो लोगों को भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित व्यापक आर्थिक और वित्तीय आंकड़े उपलब्ध कराएगा। बैंक के एक बयान में कहा गया है कि यह ऐप भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित आर्थिक डेटा की 11 हजार से अधिक विभिन्न श्रृंखलाएं उपलब्ध कराएगा। उपयोगकर्ता डेटा डाउनलोड भी कर सकते हैं। ऐप में डेटा के स्रोत का विवरण भी शामिल है।